देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 135 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
जनमत को प्रभावित करने के आरोप



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 27 अगस्त 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 23.0⁰

38839.52

2 पाक आतंकवादियों की जांच करेगा अमेरिका

7 हां 700 विकेट तक पहुंच सकता हूं

## संक्षिप्त समाचार

### सोने में आई गिरावट, चांदी में भारी मंदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की हाजिर कीमतों में बुधवार को भी गिरावट दर्ज की गई है। सोने के हाजिर भाव में बुधवार को 210 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, इस गिरावट से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को सोने का हाजिर भाव 51,963 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया है। सिक्युरिटीज के अनुसार, रुपये में मजबूती और वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में नरमी के चलते घरेलू स्तर पर सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, चांदी की हाजिर कीमत में बुधवार को जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। चांदी में बुधवार को 1,077 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है।

### आफत बनकर बरसी बारिश, सड़कें बही, पुल बहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। जम्मू संभाग के कई जिलों में बारिश ने तबाही मचा रखी है। बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं जिसके कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई जगह भारी नुकसान की सूचनाएं हैं। बुधवार को जम्मू में सभी निचले क्षेत्रों में भारी जलभराव हो गया है। लोगों के घरों में कई फुट पानी घुस गया है। अधिकतर घरों में बिजली के उपकरण जल गए। खाने-पीने का सामान खराब हो गया है। यही नहीं सड़कों पर भी भारी जलभराव हो गया है जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### नोएडा सेक्टर 63 में खिलौने बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर यानी नोएडा जिले की एक खिलौना बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। नोएडा सेक्टर-63 में स्थित इस फैक्ट्री में भीषण आग के बाद दमकल की गाड़ियां पहुंच चुकी है। आग बुझाने का काम जारी है। फिलहाल किसी के घायल होने या मरने की कोई सूचना नहीं है।

# ‘परीक्षा’ पर सरकार से संग्राम

## केंद्र से नीट-जेइइ की परीक्षा रोकने की उठी मांग

■विपक्षी दलों के सात सीएम के साथ सोनिया गांधी की मीटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अपने दल के भीतर ही खेमेबाजी का सामना कर रहीं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विपक्षी दलों को साथ लाने की दिशा में बड़ी पहल की है। इस पहल में उन्हें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पूरा साथ मिला है। दोनों नेता इंजीनियरिंग और मेडिकल के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा और राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा का कोरोना काल में आयोजन समेत कई मुद्दों पर पूरे विपक्ष को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास कर रही हैं।

**नीट-जेइइ की परीक्षा और जीएसटी मुआवजे का उठा मुद्दा** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ सात विपक्षी राज्यों के सीएम की मीटिंग में परीक्षा और जीएसटी कंपेनसेशन का मुद्दा उठा। सभी सीएम ने केंद्र सरकार से परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी वर्चुअल मीटिंग में शामिल हुए। उनकी मौजूदगी को लेकर संदेह जाहिर किया जा रहा था।

**सोनिया ने कहा- एनईपी के प्रावधान चिंता के विषय:** मीटिंग में सोनिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधी घोषणाओं से हम सच में चिंतित होना चाहिए क्योंकि यह वाकई बड़ा झटका है। विद्यार्थियों और परीक्षाओं से संबंधित समस्याओं पर भी बहुत लापरवाही भरा रवैया सामने आ रहा है। उन्होंने जीएसटी कंपेनसेशन देने को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से व्यक्त की गई असमर्थता को राज्यों के साथ विश्वासघात करार दिया। सोनिया ने कहा, 11 अगस्त को वित्त मामलों पर संसद की स्थाई समिति की मीटिंग में वित्त सचिव ने कहा था कि केंद्र सरकार इस वर्ष 14 प्रतिशत जीएसटी कंपेनसेशन का भुगतान करने की स्थिति में नहीं है। यह इनकार मोदी सरकार की तरफ विश्वासघात के सिवा और कुछ नहीं है।

बता दें कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए छात्र और राजनीतिक दल परीक्षाओं का विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र, उड़ीसा और दिल्ली के बाद पश्चिम बंगाल ने परीक्षाओं को रद करने की मांग की है। मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर परीक्षाएं रद करने की मांग की। साथ ही इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का सुझाव भी दिया।

### ममता ने कहा- एकजुट हो चलें सुप्रीम कोर्ट

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वर्चुअल मीटिंग में मौजूद मुख्यमंत्रियों से नीट-जेइइ की परीक्षा स्थगित करवाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सभी राज्य सरकारों से मेरा आग्रह है कि हम एग्जाम तब तक कैंसल करवाने के लिए एकसाथ सुप्रीम कोर्ट जाएं जब तक हालात नहीं सुधरें ताकि छात्र नीट और जेइइकी परीक्षा में बैठ सकें। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने अमेरिका की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने कहा, अमेरिका की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि स्कूल खोले जाने पर 97,000 बच्चे कोरोना से संक्रमित हो गए।

### जीएसटी काउंसिल की मीटिंग से पहले रचा जा रहा चक्रव्यूह

गुरुवार को जीएसटी काउंसिल की मीटिंग होने जा रही है, जिसमें राज्यों के मुख्यमंत्रियों की भागीदारी होगी। राज्यों के वित्त मंत्री तो जीएसटी काउंसिल के सदस्य ही हैं। सोनिया और ममता के विचार है कि विपक्षी दलों के मुख्यमंत्री काउंसिल की मीटिंग में केंद्र सरकार पर मुआवजे का दबाव बनाने की रणनीति पहले ही तय कर लें। कहा जा रहा है कि एनडीए से अलग दलों के मुख्यमंत्री केंद्र से 14 प्रतिशत जीएसटी कंपेनसेशन की मांग कर सकते हैं।

# ऐक्टिव केसों से 3.5 गुना ज्यादा मरीज ठीक हुए

## देश में ऐक्टिव केसों की तुलना में 17,60,489 अधिक लोग हुए रिकवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 से संक्रमित मरीजों की रिकवरी की कुल संख्या 24,67,758 हो गई है और संक्रमण के सक्रिय मामलों से यह 3.5 गुना अधिक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में कोरोना का रिकवरी रेट 76 प्रतिशत से अधिक है।

लगातार बढ़ रहे रिकवरी रेट के हिसाब से देश में कुल ऐक्टिव केस की संख्या यानी केस लोड कुल मामलों की सिर्फ 21.87 प्रतिशत बची है। सुबह 8 बजे तक के डेटा के मुताबिक, देश में अब तक 24,67,758 मरीज ठीक हो चुके हैं जिनमें से 63,173 बीते 24 घंटे में ठीक हुए हैं। देश में ऐक्टिव केसों की तुलना में 17,60,489 अधिक लोग रिकवर हो चुके हैं। मंत्रालय ने कहा, इसके साथ ही भारत में कोरोना रिकवरी रेट आज बढ़कर 76.30 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस समय देश में कोरोना के 7,07,267 ऐक्टिव केस हैं।

बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, जम्मू और कश्मीर, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में संक्रमण की दर लगातार घट रही है। तमिलनाडु कोरना केस के मामले में देश के टॉप 5 लिस्ट में शामिल रहा है, लेकिन पिछले महीने से वहां कोरोना केस घटने लगे। बिहार, असम, यूपी और आंध्र प्रदेश में भी कोरोना केस में तेज वृद्धि हो रही थी, लेकिन अब वहां ऐक्टिव केस में तेजी से कमी आने लगी है।

छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, केरल, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में ऐक्टिव केस बढ़ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि इन राज्यों में राष्ट्रीय औसत से ज्यादा तेज वृद्धि दर्ज की जा रही है। देश में अभी रिकवरी रेट बढ़कर 75.92 प्रतिशत पर पहुंच चुका है और यह दर बढ़ती ही जा रही है।

### देश में 1.84 प्रतिशत तक पहुंची मृत्यु दर

मंत्रालय ने कहा कि केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के समन्वित प्रयासों से लगातार कोरोना पर काबू पाने की दिशा में काम हो रहा है। आपको बता दें कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस महामारी के 67,151 नए मामले सामने आए हैं जिसके साथ ही बुधवार तक संक्रमित मरीजों की संख्या 32,34,474 तक पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 1,059 लोगों की मौत हुई है, जिसके बाद देश में कोरोना से कुल मौतों का आंकड़ा 59,449 तक पहुंच चुका है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में मृत्यु दर गिरकर 1.84 फीसदी तक आ गई है।

# सीबीआई के साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल विभाग भी करेगा जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत के केस में कुछ अहम खुलासे सामने आए हैं। रिया चक्रवर्ती की कुछ पुरानी वॉट्सऐप चौट सामने आई हैं जिसमें कथित तौर पर उनके तार ड्रग्स डीलिंग से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। रिया के इन चैट की जांच अब सीबीआई के साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल विभाग भी करेगा। दूसरी तरफ खुद को सुशांत का दोस्त कहने वाले संदीप सिंह की कॉल डीटेल्स से पता चला है कि वह सितंबर 2019 से सुशांत के संपर्क में ही नहीं थे। अब माना जा रहा है कि सीबीआई अपनी जांच की दिशा को और लोगों की तरफ भी शिफ्ट कर सकती है। सीबीआई की एक टीम बुधवार को फिर से कूपर अस्पताल पहुंची है। यहां सुशांत की अटॉप्सी करने वाले डॉक्टरों से पूछताछ हो रही है। सुशांत की अटॉप्सी रिपोर्ट में कई खामियां पाई गई हैं। इसके साथ ही अस्पताल के प्रशासन से भी पूछताछ हो सकती है। सीबीआई यह जानना चाहेगी कि 15 जून को रिया चक्रवर्ती को किसकी इजाजत से मुर्दाघर में एंट्री दी गई थी। सुशांत सिंह राजपूत के केस में जिया की कॉल डीटेल्स और चैट सामने आने के बाद ड्रग्स का ऐंगल सामने आया है। रिया और उनकी टैलेंट मैनेजर जया साहा की चौट सामने आने के बाद जया को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। अब पता चला है कि सुशांत की मौत के बाद भी रिया ने जया को कॉल्स किए थे। इनमें 2 कॉल सुशांत की मौत वाले दिन 14 जून को किए गए जबकि 5 कॉल्स अगले दिन 15 जून को किए गए।

### सुशांत केस

कूपर अस्पताल पहुंची सीबीआई, अटॉप्सी करने वाले डॉक्टरों से पूछताछ




Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारत को उकसा सकता है पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन में जारी तनाव के बीच पाकिस्तान अहम भूमिका निभा सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अभी भारत और चीन के बीच जो स्थिति बनी है, पाकिस्तान उसे और तनावपूर्ण बना सकता है जिससे संकट गहरा सकता है और युद्ध जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। दि एशिया प्रोग्राम के डेप्युटी डायरेक्टर माइकल कीगलमेन का कहना है कि पाकिस्तान पहले से ही भारत का धुर विरोधी है, मौजूदा हालात को देखते हुए वह फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है।

डेली एक्सप्रेस से कीगलमेन ने कहा है कि पाकिस्तान के चीन के साथ संबंध नजदीकी हैं और वह इस पूरे वक्त चीन के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच में सीमित द्विपक्षीय टकराव की संभावना है लेकिन ऐसी स्थिति चिंताजनक हो सकती है जब पाकिस्तान चीन के भारत के खिलाफ आक्रामक रुखा का फायदा उठाने लगे। पाकिस्तान भारत को सीमा पर उकसाने का काम कर सकता है।

### भारत-चीन तनाव के बीच आग में घी डालने का काम कर सकता पाकिस्तानः एक्सपर्ट